# ADDRESS TO THE NATION
# BY THE HON'BLE PRESIDENT OF INDIA
# SMT. DROUPADI MURMU
# ON THE EVE OF THE 74$^{TH}$ REPUBLIC DAY

**New Delhi, January 25, 2023**

Dear fellow citizens,

Namaskar!

1. On the eve of the 74th Republic Day, I extend my heartiest greetings to every Indian, at home and abroad. We will now enter the 75$^{th}$ year as a Republic. From the day the Constitution came into effect to the present day, it has been an amazing journey that has inspired many other nations. Every citizen has reason to be proud of the Indian Story. When we celebrate the Republic Day, we celebrate what we have achieved, together, as a nation.

2. India is, of course, home to one of the oldest living civilisations. India is called the mother of democracy. As a modern Republic, however, we are young. In the early years of Independence, we faced countless challenges and adversities. Very high levels of poverty and illiteracy were just two of the many ill-effects of the long foreign rule. Yet, the spirit of India was undeterred. With hope and confidence, we began an experiment unique in the history of humankind. Such a vast and diverse multitude of people coming together as one nation remains unprecedented. We did so with a belief that we are, after all, one; that we are all Indians. We have succeeded as a democratic republic because so many creeds and so many languages have not divided us, they have only united us. That is the essence of India.

This would not have been possible but for the collective wisdom of the Constitution-makers guiding our path.

6. While Babasaheb Ambedkar and others gave us a map and a moral framework, the task of walking that path remains our responsibility. We have largely remained true to their expectations, and yet we realise that much remains to be done to realise Gandhiji's ideal of 'Sarvodaya', the upliftment of all. Yet, the progress we have made on all fronts is encouraging.

Dear fellow citizens,

7. In our mission of 'Sarvodaya', the most encouraging has been the progress made on the economic front. Last year, India became the fifth largest economy in the world. It needs to be underlined that this achievement comes against the backdrop of high economic uncertainties around the world. The pandemic has entered the fourth year, affecting economic growth in most parts of the world. In its initial phase, Covid-19 also hurt India's economy badly. Yet, guided by our able leadership and driven by our resilience, we soon came out of the downturn, and resumed the growth saga. Most sectors of the economy have shaken off the pandemic effect. India has been among the fastest-growing major economies. This has been made possible by timely and pro-active interventions from the Government. The 'Atmanirbhar Bharat' initiative, in particular, has evoked great response among people at large. There have also been sector-specific incentive schemes.

8. It is a matter of great satisfaction that those on the margins have also been included in the schemes and programmes and they have been helped in tiding over difficulties. By implementing the 'Pradhan Mantri Garib Kalyan Anna Yojana' announced in March 2020, the Government ensured food

by the government, as the infrastructure expands. We have reasons to be proud of our achievements in the domain of science and technology. India has been among the handful of pioneers in space technology. As long-pending reforms in this sector are underway, private enterprises are now invited to join the quest. The 'Gaganyaan' program to carry Indian astronauts into the space is under progress. This will be India's maiden human space flight. Yet, even as we reach out to the stars, we keep our feet on the ground.

11. India's Mars Mission was powered by a team of extraordinary women, and our sisters and daughters are not far behind in other areas too. Women's empowerment and gender equality are no longer mere slogans, as we have made great progress towards these ideals in recent years. With people's participation in 'Beti Bachao, Beti Padhao' campaign, women's representation has been rising in every sphere of activity. During my visits to various states, educational institutions and while meeting delegations of various professionals, I am amazed by the confidence of young women. I have no doubt in my mind that they are the ones who will do most to shape tomorrow's India. What miracles cannot be achieved if this half of the population is encouraged to contribute to nation-building to the best of their ability?

12. The same vision of empowerment guides the Government's approach to the marginalised communities including the Scheduled Castes and Scheduled Tribes. In fact, the aim is not only to remove hurdles and help them in development, but also to learn from them. Tribal communities, in particular, have rich lessons to offer in many areas, ranging from protecting the environment to making the society more cohesive.

Dear fellow citizens,

reconsider our basic priorities. The scientific aspects of traditional life-values have to be understood. We must, once again, rekindle that respect for nature and humility before the vast universe. Let me state here that Mahatma Gandhi was a true prophet of our times, as he foresaw the calamities of indiscriminate industrialization and cautioned the world to mend its ways.

16. We need to modify our lifestyle if we want our children to live happily on this fragile planet. One of the changes suggested pertains to food. I am happy to note that the United Nations accepted a suggestion from India and declared 2023 as the International Year of Millets. Millets were essential ingredients of our diet and they are making a comeback among sections of society. Coarse grains like millets are eco-friendly as they require less water to grow and yet they provide high levels of nutrition. If more and more people turn to millets, it will help conserve ecology and also improve health.

17. One more year has gone by for the Republic and another year commences. It has been a time of unprecedented change. With the outbreak of the pandemic, the world had changed within a matter of days. During these three years, whenever we have felt that we have finally put the virus behind, it raises its ugly head. However, there is no need to panic because we have learned in this period that our leadership, our scientists and doctors, our administrators and 'Corona Warriors' will make every possible effort to meet any situation. At the same time, each of us has also learned to not let our guard down and remain alert.

Dear fellow citizens,

18. Generations of people working in different fields deserve praise for their invaluable contribution in the development story of our Republic so far. I

**भारत की राष्ट्रपति**

**श्रीमती द्रौपदी मुर्मु**

**का**

**74वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम संबोधन**

**नई दिल्ली, 25 जनवरी, 2023**

प्यारे देशवासियो,

नमस्कार!

1. चौहत्तरवें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर, देश और विदेश में रहने वाले आप सभी भारत के लोगों को, मैं हार्दिक बधाई देती हूं। हम अब गणतंत्र के रूप में पचहत्तरवें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं। संविधान के लागू होने के दिन से लेकर आज तक हमारी यात्रा अद्‌भुत रही है और इससे कई अन्य देशों को प्रेरणा मिली है। प्रत्येक नागरिक को भारत की गौरव-गाथा पर गर्व का अनुभव होता है। जब हम गणतंत्र दिवस मनाते हैं, तब एक राष्ट्र के रूप में हमने मिल-जुल कर जो उपलब्धियां प्राप्त की हैं, उनका हम उत्सव मनाते हैं।

2. भारत, विश्व की सबसे पुरानी जीवंत सभ्यताओं में से एक है। भारत को लोकतन्त्र की जननी कहा जाता है। फिर भी, हमारा आधुनिक गणतंत्र युवा है। स्वतंत्रता के प्रारंभिक वर्षों में, हमें अनगिनत चुनौतियों और प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। लंबे विदेशी शासन के अनेक बुरे परिणामों में से दो कुप्रभाव थे - भयंकर गरीबी और निरक्षरता। फिर भी, भारत अविचलित रहा। आशा और विश्वास के साथ, हमने मानव जाति के इतिहास में एक अनूठा प्रयोग शुरू किया। इतनी बड़ी संख्या में इतनी विविधताओं से भरा जन-समुदाय - एक लोकतंत्र के रूप में एकजुट नहीं हुआ था। ऐसा हमने इस

करना चाहिए जिन्होंने संविधान निर्माण में सहायता की थी। हमें इस बात का गर्व है कि उस संविधान सभा के सदस्यों ने भारत के सभी क्षेत्रों और समुदायों का प्रतिनिधित्व किया। संविधान निर्माण में सभा की 15 महिला सदस्यों ने भी योगदान दिया।

5. संविधान में निहित आदर्शों ने निरंतर हमारे गणतंत्र को राह दिखाई है। इस अवधि के दौरान, भारत एक गरीब और निरक्षर राष्ट्र की स्थिति से आगे बढ़ते हुए विश्व-मंच पर एक आत्मविश्वास से भरे राष्ट्र का स्थान ले चुका है। संविधान-निर्माताओं की सामूहिक बुद्धिमत्ता से मिले मार्गदर्शन के बिना यह प्रगति संभव नहीं थी।

6. बाबासाहब आम्बेडकर और अन्य विभूतियों ने हमें एक मानचित्र तथा एक नैतिक आधार प्रदान किया। उस राह पर चलने की जिम्मेदारी हम सब की है। हम काफी हद तक उनकी उम्मीदों पर खरे उतरे भी हैं, लेकिन हम यह महसूस करते हैं कि गांधीजी के 'सर्वोदय' के आदर्शों को प्राप्त करना अर्थात सभी का उत्थान किया जाना अभी बाकी है। फिर भी, हमने सभी क्षेत्रों में उत्साहजनक प्रगति हासिल की है।

प्यारे देशवासियो,

7. सर्वोदय के हमारे मिशन में आर्थिक मंच पर हुई प्रगति सबसे अधिक उत्साहजनक रही है। पिछले साल भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। यह उल्लेख करना जरूरी है कि यह उपलब्धि, आर्थिक अनिश्चितता से भरी वैश्विक पृष्ठभूमि में प्राप्त की गई है। वैश्विक महामारी चौथे वर्ष में प्रवेश कर चुकी है और दुनिया के अधिकांश हिस्सों में आर्थिक विकास पर, इसका प्रभाव पड़ रहा है। शुरुआती दौर में कोविड-19 से भारत की

लक्ष्य एक ऐसा वातावरण बनाना है जिससे सभी नागरिक व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से, अपनी वास्तविक क्षमताओं का पूरा उपयोग करें और उनका जीवन फले-फूले। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए शिक्षा ही आधारशिला तैयार करती है, इसलिए 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति' में महत्वाकांक्षी परिवर्तन किए गए हैं। शिक्षा के दो प्रमुख उद्देश्य कहे जा सकते हैं। पहला, आर्थिक और सामाजिक सशक्तीकरण और दूसरा, सत्य की खोज। राष्ट्रीय शिक्षा नीति इन दोनों लक्ष्यों को प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करती है। यह नीति शिक्षार्थियों को इक्कीसवीं सदी की चुनौतियों के लिए तैयार करते हुए हमारी सभ्यता पर आधारित ज्ञान को समकालीन जीवन के लिए प्रासंगिक बनाती है। इस नीति में, शिक्षा प्रक्रिया को विस्तार और गहराई प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया है।

10. हमें कोविड-19 के शुरुआती दौर में यह देखने को मिला कि प्रौद्योगिकी में जीवन को बदलने की संभावनाएं होती हैं। 'डिजिटल इंडिया मिशन' के तहत गांव और शहर की दूरी को समाप्त करके, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी को समावेशी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। दूर-दराज के स्थानों में अधिक से अधिक लोग इंटरनेट का लाभ उठा रहे हैं। बुनियादी ढांचे में हुए विस्तार की सहायता से सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न प्रकार की सेवाएं लोगों को प्राप्त हो रही हैं। हम विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों पर गर्व का अनुभव कर सकते हैं। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में, भारत गिने-चुने अग्रणी देशों में से एक रहा है। इस क्षेत्र में काफी समय से लंबित सुधार किए जा रहे हैं, और अब निजी उद्यमों को इस विकास-यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को ले जाने के लिए 'गगनयान' कार्यक्रम प्रगति पर है। यह भारत की पहली मानव-

प्यारे देशवासियो,

13. शासन के सभी पहलुओं में बदलाव लाने और लोगों की रचनात्मक ऊर्जा को उजागर करने के लिए हाल के वर्षों में किए गए प्रयासों की श्रृंखला के परिणामस्वरूप, अब विश्व-समुदाय भारत को सम्मान की नई दृष्टि से देखता है। विश्व के विभिन्न मंचों पर हमारी सक्रियता से सकारात्मक बदलाव आने शुरू हो गए हैं। विश्व-मंच पर भारत ने जो सम्मान अर्जित किया है, उसके फलस्वरूप देश को नए अवसर और जिम्मेदारियां भी मिली हैं। जैसा कि आप सब जानते हैं, इस वर्ष भारत G-20 देशों के समूह की अध्यक्षता कर रहा है। विश्व-बंधुत्व के अपने आदर्श के अनुरूप, हम सभी की शांति और समृद्धि के पक्षधर हैं। G-20 की अध्यक्षता एक बेहतर विश्व के निर्माण में योगदान हेतु भारत को अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका प्रदान करती है। इस प्रकार, G-20 की अध्यक्षता, लोकतंत्र और multilateralism को बढ़ावा देने का अच्छा अवसर भी है, और साथ ही, एक बेहतर विश्व और बेहतर भविष्य को स्वरूप देने के लिए उचित मंच भी है। मुझे विश्वास है कि भारत के नेतृत्व में, G-20, अधिक न्यायपरक और स्थिरतापूर्ण विश्व-व्यवस्था के निर्माण के अपने प्रयासों को और आगे बढ़ाने में सफल होगा।

14. G-20 के सदस्य देशों का कुल मिलाकर विश्व की आबादी में लगभग दो-तिहाई और global GDP में लगभग 85 प्रतिशत हिस्सा है, इसलिए यह वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा करने और उनके समाधान के लिए एक आदर्श मंच है। मेरे विचार से, global warming और जलवायु परिवर्तन ऐसी चुनौतियां हैं जिनका सामना शीघ्रता से करना है। वैश्विक तापमान बढ़ रहा है और मौसम में बदलाव के चरम रूप दिखाई पड़ रहे हैं। हमारे सामने एक गंभीर दुविधा है: अधिक से अधिक लोगों को गरीबी से बाहर निकालने के लिए आर्थिक विकास

वर्ग उन्हें फिर से पसंद करने लगे हैं। ऐसे अनाज पर्यावरण के अनुकूल हैं क्योंकि उनकी उपज कम पानी में ही हो जाती है। ये अनाज उच्च-स्तर का पोषण भी प्रदान करते हैं। यदि अधिक से अधिक लोग मोटे अनाज को भोजन में शामिल करेंगे, तो पर्यावरण-संरक्षण में सहायता होगी और लोगों के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा।

17. गणतंत्र का एक और वर्ष बीत चुका है और एक नया वर्ष शुरू हो रहा है। यह अभूतपूर्व परिवर्तन का दौर रहा है। महामारी के प्रकोप से दुनिया कुछ ही दिनों में बदल गई थी। पिछले तीन वर्षों के दौरान, जब भी हमें लगा है कि हमने वायरस पर काबू पा लिया है, तो वायरस फिर किसी विकृत रूप में वापस आ जाता है। लेकिन, अब इससे घबराने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि हमने यह समझ लिया है कि हमारा नेतृत्व, हमारे वैज्ञानिक और डॉक्टर, हमारे प्रशासक और 'कोरोना योद्धा' किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही, हमने यह भी सीखा है कि हम अपनी सुरक्षा में कमी नहीं आने देंगे और सतर्क भी रहेंगे।

प्यारे देशवासियो,

18. विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत कई पीढ़ियों के लोग हमारे गणतंत्र की अब तक की विकास-गाथा में अमूल्य योगदान के लिए प्रशंसा के पात्र हैं। मैं किसानों, मजदूरों, वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की भूमिकाओं की सराहना करती हूं जिनकी सामूहिक शक्ति हमारे देश को "जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान" की भावना के अनुरूप आगे बढ़ने में सक्षम बनाती है। मैं देश की प्रगति में योगदान देने वाले प्रत्येक नागरिक की सराहना करती हूं। भारत की संस्कृति और सभ्यता के अग्रदूत, प्रवासी भारतीयों का भी मैं अभिवादन करती हूं।